अभ्यास 3

दिए गए गुणवाचक विशेषण शब्दों से वाक्य बनाइए।

अच्छा, मीठा, शांत, काला, छोटा

संख्यावाचक विशेषण

आठ-दस कबूतर और कुछ चिड़ियाँ छत पर दाना चुग रही थीं। तभी एक गिलहरी भी वहाँ न जाने कहाँ से आ गई और सब मज़े से दाना खाने लगे। सबको दाना चुगते देखकर मैं बहुत खुश हुआ।

इन वाक्यों में 'कबूतर', 'चिड़िया', 'गिलहरी' संज्ञा शब्दों की विशेषता, रंगीन शब्दों 'आठ-दस', 'कुछ', 'एक', 'सब' और 'सबको' के द्‌वारा बताई जा रही है। ये शब्द संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं।

परिभाषा

जो शब्द संज्ञा शब्दों की संख्या तथा क्रम बताते हैं, वे शब्द **संख्यावाचक विशेषण** कहलाते हैं।

ये दो प्रकार के होते हैं, निश्चित संख्यावाचक और अनिश्चित संख्यावाचक।

क. **निश्चित संख्यावाचक** – जिन विशेषण शब्दों से निश्चित संख्या का बोध हो, उन्हें निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे- एक, पाँच, सौ, एक दर्जन आदि।

ख. **अनिश्चित संख्यावाचक** – जिन विशेषण शब्दों से निश्चित संख्या का बोध न हो, उन्हें अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे- कुछ, इतना, उतना, बहुत, कम आदि।

अभ्यास 4

दिए गए वाक्यों में संख्यावाचक विशेषण शब्दों पर गोला लगाइए।

क. आकाश में बहुत सारे पक्षी उड़ रहे हैं।

ख. लड़कियाँ आज बैडमिंटन के चार मैच खेलेंगी।



ग. हॉल में केवल तीन पंखे चल रहे हैं।

घ. मैंने केवल एक ही किताब खरीदी है।

Scanned by CamScanner

आइए, विशेषण के अन्य दो भेदों के विषय में भी जानें –

परिमाणवाचक विशेषण

कृतिका और शुचि सामान लाने के लिए बाज़ार गईं। दोनों ने बाज़ार से एक किलो पनीर, दो सौ ग्राम मक्खन, दो लीटर दूध तथा एक मीटर कपड़ा खरीदा।

इस गद्यांश में द्रव्यवाचक संज्ञा शब्दों जैसे पनीर, मक्खन, दूध, कपड़ा का बहुवचन में प्रयोग नहीं किया जा सकता और न ही उन्हें गिन सकते हैं। उनकी मात्रा को परिमाण द्वारा बताया जाता है। गद्यांश में रंगीन शब्द संज्ञा शब्दों का माप-तोल बता रहे हैं। ये शब्द परिमाणवाचक शब्द हैं।

आइए, कुछ अन्य उदाहरण देखें –

तोलने के शब्द

किलो, ग्राम, टन



नापने के शब्द

मीटर, किलोमीटर

मापने के शब्द

लीटर, मिलीलीटर

परिभाषा

जो शब्द संज्ञा शब्दों की माप-तोल से संबंधित विशेषताएँ बताते हैं, वे **परिमाणवाचक विशेषण** कहलाते हैं।

अभ्यास 5

माप-तोल से जुड़े शब्दों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।

क. जाओ, ______________ केले ले आओ।(दो दर्जन / दो मीटर)

ख. घर से बाज़ार की दूरी ______________ है। (पाँच किलोमीटर / चार लीटर)

ग. उसकी कार में ______________ डीज़ल बचा है।(चार मीटर / दस लीटर)

घ. सूट बनाने में ______________ कपड़ा लगेगा। (पाँच मीटर / दस किलो)

Scanned by CamScanner